दिन– शनिवार दिनांक– 19 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. रेरा ने राज्य में शहरों और उसके आयोजना क्षेत्र में फ्लैट, प्लॉट और मार्केट कॉम्प्लेक्स बनाने पर उसका निबंधन कराना अनिवार्य किया।

02. केन्द्र सरकार ने दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने के दावे को पूरी तरह से झूठा, भ्रामक और निराधार बताया।

03. प्रवर्तन निदेशालय ने मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद और उनके परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोपपत्र दाखिल किया।

04. और, इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा, जेईई मेन के दूसरे संस्करण का परिणाम जारी। निन्यानवे दशमलव नौ नौ पर्सेंटाइल हासिल कर अब्दुल्ला बिहार टॉपर बने।

---

भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, रेरा ने राज्य में शहरों और उसके आसपास फ्लैट, प्लॉट और मार्केट कॉम्प्लेक्स बनाने पर उसका निबंधन कराना अनिवार्य कर दिया है। इसके दायरे में संबंधित शहर के आयोजना क्षेत्र के हिस्से भी आएंगे। शहर के आसपास के इलाके में भी यह आदेश लागू होगा। बिहार रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि भूसंपदा विनियमन और विकास अधिनियम दो हजार सोलह की धारा तीन (एक) के प्रावधान इन पर लागू होंगे। पांच सौ वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र वाले भूखंड और आठ फ्लैट से अधिक अपार्टमेंट बेचे जाने से पहले उसका निबंधन जरूरी होगा। बिना निबंधन फ्लैट, प्लॉट या दुकान की बुकिंग भी नहीं की जा सकती है। श्री सिंह ने कहा कि सभी जिलाधिकारियों को ऐसे निर्माण पर नजर रखने और उसका निबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

---

केन्द्र सरकार ने दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने की दावेदारी को पूरी तरह से झूठा, भ्रामक और निराधार बताया है। वित्त मंत्रालय ने एक वक्तव्य में स्पष्ट किया कि सरकार का फिलहाल इस तरह के प्रस्ताव का कोई विचार नहीं है। इसमें कहा गया है कि जीएसटी केवल मर्चेंट डिस्काउंट रेट–एमडीआर जैसे शुल्कों पर लगाया जाता है, जो कुछ उपकरणों का उपयोग करके किए गए भुगतान से संबंधित होते हैं।

---

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद और उनके परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है। ईडी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राजेन्द्र प्रसाद, उनके बेटे अशोक कुमार, भाई अवधेश प्रसाद और उनसे कथित रूप से जुड़े प्यारी देवी स्मारक कल्याण ट्रस्ट के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोपपत्र दाखिल किया गया है। बिहार पुलिस की विशेष सतर्कता इकाई की जांच में पूर्व कुलपति और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला सामने आया था। राजेन्द्र प्रसाद पर आरोप है कि उन्होंने सितंबर दो हजार उन्नीस से नवंबर दो हजार इक्कीस तक कुलपति रहते हुये दो करोड़ छियासठ लाख रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। गौरतलब है कि एजेंसी राजेन्द्र प्रसाद की चौंसठ लाख तिरेपन हजार रुपये की संपत्ति कुर्क कर चुकी है।

---

इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा, जेईई मेन के दूसरे संस्करण के परिणाम कल देर रात घोषित कर दिए गए। परीक्षा में चौबीस छात्रों ने सौ पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। सौ पर्सेंटाइल पाने वाले चौबीस टॉपरों में बाईस लड़के और दो लड़कियां शामिल हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

निन्यानवे दशमलव नौ नौ पर्सेंटाइल हासिल कर अब्दुल्ला बिहार टॉपर बने हैं। राज्य के किसी भी परीक्षार्थी को सौ पर्सेंटाइल नहीं मिला है।

---

केंद्र सरकार ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, दो हजार ग्यारह के तहत वाहनों की गति मापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रडार उपकरणों के लिए नए नियम अधिसूचित किए हैं। एक रिपोर्ट –

–––बाईट–––

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने आज एक वक्तव्य में कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात प्रवर्तन में निष्पक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ये नियम पहली जुलाई से प्रभावी होंगे। नियमों के तहत, सभी रडार–आधारित गति माप उपकरणों को विधिक माप विज्ञान अधिकारियों द्वारा सत्यापित करना चाहिए और उन पर मुहर लगाई जानी चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि सत्यापित रडार उपकरण सटीकता, विधिक अनुपालन और निष्पक्ष प्रवर्तन सुनिश्चित करेंगे, जिससे पारदर्शिता और सड़क सुरक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा और लोगों का विश्वास मजबूत होगा। पल्लवी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से निखिल कुमार।

---

पटना उच्च न्यायालय ने नेपाल की तरफ कोसी बांध को ऊंचा करने और बिहार में कोसी विकास प्राधिकार के गठन को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार से रिपोर्ट तलब

की है। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश आशुतोष कुमार और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की पीठ ने इस संबंध में दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया।

———————————————————

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा है कि आकाशवाणी और दूरदर्शन बदलते परिदृश्य में अपनी सामग्री और प्रसारण तकनीक को लगातार बढा रहे हैं। पटना में आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री सहगल ने कहा कि दोनों लोक सेवा प्रसारक बेहतर तकनीक अपना रहे हैं।

———बाईट———

जो हमारे श्रोता हैं या हमारे जो दर्शक हैं, उनको वो हम जो भी कार्यक्रम करें, जिस भी वर्ग के लिए करें वो रूचिकर बनाएं और दूसरा जो है तकनीक। टेक्नॉजिकल अपग्रेडेशन हम लोग अपने सारे सेन्टर्स का सारे स्टेशन्स का चाहे वो कैमरा हो, बाय दा मशीन हो, वो सब लाने का प्रयास कर रहे हैं।

श्री सहगल ने कहा कि प्रसार भारती का ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स अपनी विविध सामग्रियों के साथ हर वर्ग के दर्शकों में लोकप्रियता हासिल कर रहा है।

———बाईट———

हमारा जो नया ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स वो अपनी दुनिया में अपने तरह का अलग से एक प्लेटफॉर्म है और वो निरूशुल्क फ्री में है। उस ओटीटी प्लेटफॉर्म में आप देखेंगे कि हमारे कई वर्षों के पुराने आर्काइव पुराने–पुराने सीरियल वो भी उपलब्ध है और नई फिल्में, नए सीरियल्स ये सारे उसके साथ–साथ है।

इससे पहले, प्रसार भारती के अध्यक्ष ने आकाशवाणी पटना के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की और समाचार, कार्यक्रम और अभियांत्रिकी सेक्शन से संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विभिन्न अवसरों पर दिये गये संकलित भाषणों की पुस्तिका संस्कृति का पांचवां अध्याय का कल नई दिल्ली में विमोचन किया गया। जूना अखाड़े के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरी ने इस पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राज्य सभा के उप–सभापति हरिवंश ने देश की संस्कृति, परंपराओं, आध्यात्मिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों की सराहना की।

———————————————————

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता में कमी आने से प्रदेश में एक बार फिर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में

तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की सम्भावना है। वहीं, आज राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

–––बाईट–––

इधर, आज सुबह से पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज और सीवान जिले में बारिश हो रही है।

---

स्कूली स्तर पर बच्चों की खेल प्रतिभा को तराशने के लिए देश की सबसे बड़ी खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता– मशाल का आयोजन पच्चीस से सत्ताईस अप्रैल तक होगा।

रणधीर वर्मा अन्डर नाईनटीन क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन कल कैमूर, सीतामढ़ी और समस्तीपुर की टीमों ने जीत दर्ज की।

---

नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के नोनिया गांव से पुलिस ने कुख्यात नक्सली बुधन गोप को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र में एक दारोगा की हत्या का आरोप है। इधर, जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र के पतौना पुल के पास से पुलिस ने एक लाख रूपये के ईनामी अपराधी वीरप्पन को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किये गये हैं। दूसरी तरफ, एसटीएफ की टीम ने सुपौल के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र से पच्चीस हजार रूपये के ईनामी अपराधी गौरव कुमार को गिरफ्तार किया है।

---

पूर्वी चम्पारण जिले के पलनवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित–अर्द्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरणों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

---

सारण जिले के विशनपुर रेल ओवर ब्रिज के पास रील्स बनाने के समय ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी।

---

सीतामढ़ी जिले के सुप्पी थाना क्षेत्र के अख्ता घाट पर बागमती नदी में डूबने से मां और उसकी दो बेटियों की मौत हो गयी। हादसे में मृतक बच्चियों के पिता को बचा लिया गया, लेकिन उनकी स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

---

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र में डोमनिया पुल के पास पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्र में अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– राज्य में महिला संवाद शुरू, सुझावों पर बनेगी योजनाएं।

दैनिक जागरण ने लिखा है – जे ई ई मेन का परिणाम जारी।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– बिहटा और छपरा में खुलेगा पुलिस विद्यालय पन्द्रह अक्टूबर से आवेदन, पचास प्रतिशत सीट पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए आरक्षित। प्रभात खबर ने लिखा है– रविवार से फिर बढ़ेगी गर्मी, पारे में पांच डिग्री तक इजाफा। राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– ई पी एफ ओ में बड़े पैमाने पर डिजिटल बदलाव की तैयारी। आज अखबार लिखता है– कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कल आएंगे बक्सर।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. रेरा ने राज्य में शहरों और उसके आयोजना क्षेत्र में फ्लैट, प्लॉट और मार्केट कॉम्प्लेक्स बनाने पर उसका निबंधन कराना अनिवार्य किया।

02. केन्द्र सरकार ने दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने के दावे को पूरी तरह से झूठा, भ्रामक और निराधार बताया।

03. प्रवर्तन निदेशालय ने मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद और उनके परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोपपत्र दाखिल किया।

04. और, इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा, जेईई मेन के दूसरे संस्करण का परिणाम जारी। निन्यानवे दशमलव नौ नौ पर्सेंटाइल हासिल कर अब्दुल्ला बिहार टॉपर बने।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।